**निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2019 के आयोजन हेतु दिनांक–30.10.2019 को अपराह्न 4:30 बजे आहूत बैठक की कार्यवाही।**

बैठक की उपस्थिति – संलग्न

आज दिनांक–30.10.2019 को निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, समाज कल्याण विभाग बिहार, पटना की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2019 के आयोजन से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर निर्णय लिये जाने हेतु मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सक्षम के कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गयी। बैठक की दो मुख्य एजेंडा निम्न है :–

1. राज्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2019 का आयोजन ।
2. जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2019 का आयोजन।

**बैठक में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये –**

1. **राज्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2019 का आयोजन ।**

- 03 दिसम्बर, 2019 को राज्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2019 कार्यक्रम का आयोजन सक्षम द्वारा किये जाने का निर्णय लिया गया। सक्षम द्वारा उक्त कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की जाएगी।
- राज्य स्तरीय आयोजन में माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। माननीय मुख्यमंत्री द्वारा उक्त दिवस को भाग लेने की स्थिति में कार्यक्रम का आयोजन 'संवाद' मुख्यमंत्री सचिवालय विभाग, बिहार, पटना में किया जाएगा।
- माननीय मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होने की स्थिति में माननीय मंत्री, समाज कल्याण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में इस दिवस का आयोजन अधिवेशन भवन, पुराना सचिवालय में किया जाएगा।
- अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2019 के अवसर पर दिनांक–18 एवं 19 जनवरी, 2019 को सी0आर0सी0, पटना में आयोजित कैम्प के लाभार्थियों के बीच एलिमको से क्रय किये जाने वाले सहायक उपकरणों का वितरण राज्य मुख्यालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 03 दिसम्बर, 2019 को आयोजित कार्यक्रम मे किया जाएगा। इस हेतु एलिमको को सहायक उपकरणों की आपूर्ति हेतु कार्यादेश निर्गत किया जाएगा तथा लाभार्थियों को इसकी सूचना दी जाएगी।
- माननीय मुख्यमंत्री, बिहार सरकार द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने की स्थिति में उक्त अवसर पर दिनांक–18 एवं 19 जनवरी, 2019 को सी0आर0सी0, पटना में आयोजित कैम्प के राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक विजेता दिव्यांग खिलाडियों के बीच अतिविशिष्ट सहायक उपकरण भी वितरित किये जाऐंगे। इस क्रम में अतिविशिष्ट सहायक उपकरणो के चयन के संदर्भ में क्रय समिति एवं राज्य आयुक्त, निःशक्तता की बैठक अतिशीघ्र आयोजित की जाय।
- इस अवसर पर दिव्यांगजनों के हितार्थ उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य के अलग–अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों / सरकारी पदाधिकारी / कर्मी / समाज सेवी / गैर–सरकारी / सरकारी संस्थानों को प्रतीक चिन्ह / मोमेन्टो, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।
- राज्य स्तर पर उक्त अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमे एम0बी0एन0वाई0 अंतर्गत संचालित सेवा / शांति कुटीर एवं विशेष विद्यालायों के दिव्यांग छात्र / छात्राऍं भाग लेंगे।

- दिव्यांगता के प्रति जन–जागरूता फैलाने के उद्धेश्य से विभिन्न विभागों में दिव्यांगता पर कार्य करने हेतु नामित नोडल पदाधिकारियों को इस आयोजन में भाग लेने हेतु राज्य आयुक्त, नि:शक्तता कार्यालय के स्तर से आमंत्रित किया जाएगा।

2. **<u>जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 2019 का आयोजन।</u>**

- जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, जिला अंतर्गत बुनियाद केन्द्रों में आयोजित किये जाऐंगे, जिसका आयोजन स्थानीय सहायक निदेशक/प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग–सह–दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा किया जाएगा। इस कार्य हेतु जिला प्रबंधक, बुनियाद केन्द्र एवं बुनियाद केन्द्र के समस्त कर्मियों का सहयोग लिया जाएगा।
- जिलों से नामित व्यक्ति, यदि वे दिव्यांगजन हैं तो अपने अभिभावक के साथ स्वयं राज्य स्तर पर सम्मान प्राप्त करने हेतु आ सकते है। उनकी यात्रा भत्ता का आंकलन कर राशि का भुगतान जिला स्तर पर ही सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा–सह–जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा किया जाएगा। इससे संबंधित प्रतिवेदन दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जाएगा।
- जिलों में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों/प्रतियोगिताओं का आयोजन कर पुरस्कृत किया जाय। यथा पेंटिग, चित्रकला, खेल–कूद वाद–विवाद, निबंधन, लेखन इत्यादि प्रतियोगिताएँ।
- उक्त अवसर पर जिलों में सहायक उपकरणों एवं कम्बल का वितरण सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा–सह–दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा किया जाय। इस कार्य हेतु रेड क्रॉस, तथा गैर–सरकारी संस्थानों एवं बुनियाद केन्द्र का सहयोग लिया जा सकता है।

**<u>सम्मानित किये जाने से संबंधी प्रक्रिया</u>** :–

- सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा–सह–दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग द्वारा दिव्यांगजनों के हितार्थ अपने जिलों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों/सरकारी पदाधिकारी/कर्मी/समाज सेवी/गैर–सरकारी/ सरकारी संस्थानों का नाम (गत वर्ष सम्मानित किये गये नामों को छोडकर) विहित प्रपत्र में अनुशंसा के साथ भेजा जाएगा। साथ ही खेल जगत/कला संस्कृति/लेखन/गायन/वादन/शिक्षा/पुनर्वास... आदि के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त अथवा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के दिव्यांजनों का नाम (गत वर्ष सम्मानित किये गये नामों को छोड़कर) विहित प्रपत्र में जिला पदाधिकारी की अनुशंसा के साथ अथवा अपने स्तर से अनुशंसित कर ई–मेल pmpwdbihar@gmail.com पर एवं इसकी प्रति dirempd-bih@gov.in एवं ssupsw@gmail.com पर 21 नवम्बर, 2019 तक निश्चित रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे।
- राज्य आयुक्त कार्यालय, बिहार, पटना के स्तर से भी सम्मान देने हेतु वर्ष, 2019 में राज्य के ख्याति प्राप्त अथवा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विशेषज्ञों/सरकारी पदाधिकारी/कर्मी/समाज सेवी/गैर–सरकारी/सरकारी संस्थानों/खिलाड़ियो की सूची 21 नवम्बर, 2019 तक निश्चित रूप 'सक्षम' कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा।
- केन्द्र एवं राज्य सरकार के दिव्यांगता प्रक्षेत्र के विभिन्न योजनाओं/अधिनियमों के सफल कार्यान्वयन करने में सर्वश्रेष्ठ योगदान देने वाले जिले/संस्थान/सरकारी पदाधिकारी/कर्मी आदि को भी राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। जिसकी सूची भी राज्य आयुक्त कार्यालय, बिहार, पटना के स्तर से तैयार कर 'सक्षम' कार्यालय को उपलब्ध कराया जाएगा।
- दिनांक–21.11.2019 को संध्या 05:00 बजे के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

- सभी माध्यमों / स्रोतों से प्राप्त नामों की सूची का संकलन दिनांक–25.11.2019 तक किया जाय तथा स्क्रीनिंग हेतु चयन समिति के समक्ष रखा जाय।
- विभिन्न माध्यमों से नामित राज्य के दिव्यांगजनों / व्यक्तियों / खिलाड़ियों / पदाधिकारियों / कर्मियों / संस्थानों / जिलों आदि की स्क्रीनिंग निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सक्षम, की अध्यक्षता में चयन समिति द्वारा की जाएगी। इस समिति मे सदस्य के रूप में राज्य आयुक्त, निशक्तता तथा वरीय प्रशासी पदाधिकारी, सक्षम एवं सदस्य सचिव सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय होंगे।
- चयन समिति की बैठक दिनांक–26.11.2019 को आयोजित की जाय तथा चयन समिति द्वारा चयनित / अनुशंसित अंतिम सूची को दिनांक–27.11.2019 को निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय का अनुमोदन प्राप्त किया जाय।
- सभी चयनितों को माननीय मुख्यमंत्री / मंत्री, समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।
- आयोजन से संबधित विभिन्न पहलुओं की तैयारी 29 नवम्बर, 2019 तक कर ली जाय।

<u>अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, 03 दिसम्बर, 2019 के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन हेतु राशि की व्यवस्था</u> :–

- जिलों में उक्त आयोजन पर व्यय की अधिसीमा गत वित्तीय वर्ष की अधिसीमा में 10% की बढोतरी के साथ निर्धारित किया जाय। जिसका समायोजन दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय द्वारा संचालित 'सम्बल' योजना से करने संबंधी निदेश दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय द्वारा जिलों को निर्गत किया जाएगा।
- राज्य एवं जिला स्तर पर उक्त कार्यक्रम के आयोजन पर राशि का व्यय 'सम्बल' योजना के सामान्य घटक मद से किया जाएगा। संभावित व्यय का आकलन सक्षम द्वारा करते हुए आकलित राशि की मॉग दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय से की जाएगी।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त की गयी।

07/11/19

निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय

ज्ञापांकः– 917　　　　　　　　　　दिनांकः– 07.11.19

प्रतिलिपिः–

1. सभी जिला के जिला प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, सक्षम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. सभी जिला के सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा–सह–दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. सभी जिला के जिला पदाधिकारी, को सूचनार्थ प्रेषित।
4. राज्य आयुक्त, निःशक्तता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
5. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, सक्षम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
6. अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग को सादर सूचनार्थ समर्पित।

7/11/19

निदेशक,
दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय